हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
28 दिसंबर 2024, समय 1810

- पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया।
- हरियाणा मंत्रिमण्डल ने सेना एवं केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल के शहीदों के परिवारों की अनुग्रह राशि 50 लाख रुपये से बढ़ाकर एक करोड़ रुपये करने को मंजूरी दी।
- भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा है कि पार्टी संगठन चुनाव की प्रक्रिया जल्द शुरु होगी।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश - विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
- चण्डीगढ़ और हरियाणा के कई जिलों में आज भी भारी वर्षा दर्ज की गई।

*******************************************************************

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह का पार्थिव देह आज पंच तत्व में विलीन हो गई । उनका अंतिम संस्कार आज नई दिल्ली में निगम बोध घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया।अंतिम संस्कार से पहले उन्हें तोपों से सलामी भी दी गई। गार्ड ऑफ ऑनर के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, बी जे पी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला काँग्रेस नेता सोनिया गांधी सहित तमाम बड़े नेताओं ने निगम बोध घाट पहुँच कर पूर्व प्रधानमन्त्री को पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें अंतिम विदाई दी। हमारे संवाददाता ने बताया है कि थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख दिनेश के. त्रिपाठी, वायुसेना प्रमुख अमरप्रीत सिंह, भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और मॉरीशस के विदेश मंत्री धनंजय रामफल ने भी उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इससे पहले आज सुबह उनके पार्थिव शरीर को कांग्रेस मुख्यालय लाया गया, जहां से निगम बोध घाट तक उनकी अंतिम यात्रा निकली। बड़ी संख्या में लोग उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर केंद्र सरकार की तरह हरियाणा सरकार ने भी 26 दिसंबर से पहली जनवरी तक सात दिन का राजकीय शोक घोषित किया है।

*********************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज मंत्रिमंडल की बैठक में सेना और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के शहीदों के परिवारों की अनुग्रह राशि दोगुनी करने सहित कई प्रस्तावों को

स्वीकृति दी है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद चंडीगढ़ में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि -

उन्होंने कहा कि शहीदों के परिवारों की अनुग्रह राशि के साथ साथ हिंदी आंदोलन के मातृभाषा सत्याग्रहियों की मासिक पेंशन भी बढ़ाई गई है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के निधन पर शोक जताया गया। दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए 2 मिनट का मौन भी रखा गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके अलावा हरियाणा लॉजिस्टिक्स, भंडारण और खुदरा नीति, 2019 के विस्तार और समूह ए और बी की भर्ती के लिए आधार प्रमाणीकरण को मंजूरी दी है। अब हरियाणा लोक सेवा आयोग के पोर्टल पर विभिन्न पदों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य होगा। मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा (प्रशासन) नीति 2024 के प्रारूप को स्वीकृति दी गई है।कर्मचारियों के सेवा रिकॉर्ड को मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली HRMS में डाला जायेगा। हरियाणा अनुबंध कर्मचारी (सेवा की सुरक्षा) अधिनियम 2024 में संशोधन, की गणना के लिए सूचकांक प्रणाली के संशोधन और बाहृय विकास शुल्क, ईडीसी दरों में हर साल 10 प्रतिशत की वृद्धि करने के प्रस्ताव को भी मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी है। पिछले 2 दिन से हो रही बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि को लेकर सभी जिला उपायुक्तों को जल्द रिपोर्ट देने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोल कर नुक़सान की भरपाई की जाएगी।

*********************************************************************

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं। यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

*********************************************************************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा है कि पार्टी संगठन के चुनाव जल्द होंगे। जींद में मीडिया के सवालों के जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी के अब तक 30 हजार से अधिक सक्रिय सदस्य बन चुके हैं और अब बूथों पर चुनाव प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

4-बाइट - मोहन लाल बड़ौली-बी

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग जैसे ही नगर निकाय चुनाव की घोषणा करेगा तभी केन्द्रीय समूह की बैठक में निर्णय लिया जाएगा कि चुनाव पार्टी चिन्ह पर लड़ा जाए या नहीं।

**********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 117 वीं कड़ी होगी। मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन ए.आइ.आर. मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डी.डी. न्यूज़, पी.एम.ओ. और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यू-ट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

****************************************************

चंडीगढ़ और हरियाणा के कई जिलों में आज भी भारी बरसात हुई है। प्रदेश में कल भी बरसात और कई जगह ओलावृष्टि देखने को मिली।

उधर भिवानी के जिला राजस्व अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया है कि विभाग की रिपोर्ट के अनुसार जिला में कहीं कई ओलावृष्टि से फसलों का नुकसान कम और फायदा ज्यादा हुआ है

**********************************************************************

सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने कल कई जिलों में बारिश और भारी ओलावृष्टि से गेहूं, सरसों और सब्जियों की फसल को हुए भारी नुकसान के लिए किसानों को उचित मुआवजा प्रदान करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि हिसार के करीब 50 गांवों में ओलावृष्टि से भारी नुकसान हुआ है। आदमपुर क्षेत्र के 15, नारनौल क्षेत्र के 25 और हांसी क्षेत्र के छह गांवों में ओलावृष्टि से फसलें खराब हुई है, इन क्षेत्रों में चने की फसलों को भी भारी नुकसान हुआ है।

**********************************************************************

केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी ने केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण को कैब चालकों द्वारा अलग-अलग भाड़ा लेने के आरोपों की जांच के निर्देश दिये हैं। कैब चालक कथित तौर पर एंड्रॉइड और ऐप्पल उपभोक्ताओं से एक ही सवारी के लिए अलग किराया वसूल रहे हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री जोशी ने कहा कि उन्होंने प्राधिकरण से इस मामले में विस्तृत जांच करने और जल्द से जल्द एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को

कहा है। श्री जोशी ने विभाग से फूड डिलीवरी ऐप, ऑनलाइन टिकट बुकिंग पर भी गौर करने को कहा है।

**********************************************************************

केन्द्रीय प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग के सचिव वी. श्रीनिवास के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा के कई कार्यालयों का दौरा कर नागरिकों को सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत दी जा रही सेवाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त की। केन्द्रीय प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, हरियाणा डिस्कॉम और हरियाणा सरकार के अंत्योदय सरल कॉल सेंटर में नागरिकों को दी जा रही सेवाओं का जायजा लिया। प्रतिनिधिमंडल ने निर्बाध सेवा वितरण प्रक्रियाओं का अवलोकन किया और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नागरिकों से बातचीत भी की। प्रतिनिधिमंडल ने केन्द्र सरकार के सी पी जी आर ए एम पोर्टल (CPGRAM portal) के कार्यान्वयन और निगरानी को भी साझा किया जो केंद्र सरकार के कार्यालयों और संगठनों में आम लोगों की शिकायत निवारण में बहुत प्रभावी है। आयोग ने इस पहल से कई नई चीजें सीखीं। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि केन्द्र सरकार शिकायत निवारण अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के लिए हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग का सहयोग और वित्तीय मदद करेगी।

**********************************************************************